NavBharat Times-New Delhi-13-05-2011

नॉर्थ इंडिया में टॉप कर मां को किया पुलकित

सिविल सर्विसेज एग्जाम में नोएडा के पुलकित खरे की 5वीं रैंक

वरिष्ठ संवाददाता ॥ नोएडा

सिविल सर्विसेज एग्जाम में नोएडा के पुलकित खरे ने नॉर्थ इंडिया में टॉप किया है। सिविल सर्विसेज में इनकी पांचवीं रैंक है। इससे पहले की चारों रैंक साउथ इंडिया के कैंडिडेट्स की रही हैं। पुलकित खरे का इस बार तीसरा प्रयास था। इससे पहले भी पुलकित खरे ने अपने दोनों प्रयास में सिविल सर्विसेज क्वॉलिफाई किया था। पहली बार में ही उनका आईआरएस में सिलेक्शन हुआ था। दूसरे प्रयास में 123 रैंक पाकर आईपीएस में सिलेक्ट हुए थे, लेकिन आईएएस बनने की ख्वाहिश लिए उन्होंने आईपीएस की ट्रेनिंग के दौरान भी समय निकालकर पढ़ाई की। जिसके रिजल्ट के रूप में अब नॉर्थ इंडिया में टॉप कर यह रैंक हासिल किया।

पुलकित खरे

पुलकित खरे नोएडा सेक्टर-29 में रहते हैं। इनकी मां पुष्पा खरे गाजियाबाद के कमर्शल टैक्स डिपार्टमेंट में जॉइंट कमिश्नर हैं। इनके पिता दिनेश खरे डिप्टी जनरल मैनेजर हैं। पुलकित खरे के छोटे भाई हर्षित खरे आईआईटी कानपुर से इंजीनियरिंग कर रहे हैं। नॉर्थ इंडिया में टॉप करने की उम्मीद पुलकित को भी नहीं थी, लेकिन बेहतर रिजल्ट आने की पूरी आशा थी। बुधवार को जब उनका रिजल्ट आया तब वह हैदराबाद के नैशनल पुलिस अकैडमी में आईपीएस की ट्रेनिंग में व्यस्त थे। उन्होंने बताया कि वह बचपन से आईएएस बनना चाहते थे। इस बारे में बचपन में उनकी मां पुष्पा खरे ने बताया था। डीपीएस आर. के. पुरम से बारहवीं तक की पढ़ाई के बाद उन्होंने दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से बीटेक किया। इसके बाद उन्होंने सिविल सर्विसेज की तैयारी शुरू की।

साइंस बैकग्राउंड होते हुए भी उन्होंने भूगोल और पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रेशन विषय से सिविल सर्विसेज की तैयारी शुरू की। इस तैयारी के लिए सेक्टर-29 के अलावा दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में भी रहे। वहां रहकर कोचिंग करते हुए उन्होंने तैयारी शुरू की। पहले प्रयास में ही उन्होंने सिविल सर्विसेज में 360 रैंक हासिल किया। इंडियन रेवेन्यू सर्विस (आईआरएस) उन्होंने जॉइन भी कर लिया और ट्रेनिंग भी शुरू कर दी। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पढ़ाई पर ब्रेक नहीं लगाया और तैयारी कर आईपीएस बन गए।

घरवालों को दिया सरप्राइज

घरवालों को पुलकित खरे ने गुरुवार को सरप्राइज दिया। बुधवार को रिजल्ट आने के बाद उन्होंने आईपीएस की ट्रेनिंग में व्यस्त होने की बात कहकर घर नहीं पहुंचने की बात कही थी। इसके बाद गुरुवार सुबह ही फ्लाइट से पहले दिल्ली फिर नोएडा पहुंच आए। यह सरप्राइज पाकर सभी घरवाले हैरान रह गए। इस पर सभी ने खुशी जताई। इस बारे में उनकी मां पुष्पा खरे ने बताया कि उन्हें पूरा विश्वास था कि मेरा बेटा आईएएस बनेगा और अब वह सपना पूरा भी हो गया।

डरें नहीं बल्कि समझें

इस बार यूपीएससी ने प्री एग्जाम में जनरल स्टडी के साथ दूसरा पेपर सी-सैट का रखा है। जिसे लेकर पिछले सालों से तैयारी कर रहे छात्रों ने विरोध भी जताया था। पुलकित ने बताया कि सी-सैट से डरने की नहीं बल्कि समझदारी दिखाने की जरूरत है। यूपीएससी का यह बेहतरीन बदलाव है और इससे छात्रों को एनालिसिस करने की क्षमता बढ़ेगी।